अनिमेष और श्रेष्ठ अव्वल...

इंदौर। यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में तालियों की गड़गड़ाहट और स्कूल के साथियों का हौंसला बढ़ाते छात्रों को देखना अलग अनुभव था। कई टीमें थीं, सैकड़ों छात्र थे, लेकिन मकसद एक, मुंबई के फाइनल राउंड में पहुंचना और वहां से टॉफी जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करना।

टीसीएस के इंटर स्कूल क्विज 'टीसीएस आईटी क्विज-2017' का रीजनल राउंड कल डीएविवि ऑडिटोरियम हुआ। हर टीम से दो छात्र थे जो अपनी स्कूल को जिताने के लिए जी-जान से लगे थे। हौंसला अफजाई के लिए 1500 छात्र थे, जो इंदौर के साथ ही कोटा, भोपाल और वाराणसी के स्कूलों से थे। चार दौर में हुआ कॉम्पीटिशन आखिरी राउंड कठिन होता गया जब क्विज मास्टर गिरी बालसुब्रमण्यम ने जादू चलाया। ऑटोमेशन, नॉलेज, मशीन और कुशलता परीक्षण के इस चार दौर के अलावा एक एक्सक्लूजिव राउंड भी मंच पर था। छात्रों के लिए गिरी सुब्रमण्यम के पास सवालों के ढेर थे। रीजनल फाइनल में कल मंच पर छह टीमें थीं। पांच राउंड पूरा करने के बाद सेक्रेड हॉर्ट स्कूल कोटा के अनिलेश हर्ष और श्रेष्ठ पॉल ने जीत की ट्रॉफी हासिल की। दूसरे नंबर पर सेंटपॉल इंदौर कार्तिक तिवारी और रूद्राक्ष त्रिपाठी बाजी मार ले गए। कोटा की टीम अब नेशनल फाइनल के लिए मुंबई जाएगी। विजेता

टीम को ट्रॉफी और गिफ्ट वाउचर टीसीएस के वाइस प्रेसिडेंस अशोक पाई ने दिए। आईटी क्विज 2017 इंदौर सहित 11 और शहरों में हुआ, जहां की विजेता टीमें अब मुंबई फाइनल में जाएंगी।